**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 23.07.2024** **समय : 01:00 पी.एम.**

- **वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में केन्द्रीय बजट 2024–25 किया पेश–बजट को विकसित भारत का रोड़मैप बताया।**

- **महिलाओं और बालिकाओं के विकास के लिए तीन लाख करोड़ रुपये, कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों तथा युवाओं के लिए करीब डेढ़–डेढ़ लाख करोड़ रुपये का प्रावधान।**

- **टैक्स स्लैब में किया बदलाव–तीन लाख रुपये तक की सालाना आय कर मुक्त।**

- **राष्ट्रीय प्रसारण दिवस आज–आकाशवाणी नौ दशकों से सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के ध्येय को कर रहा सार्थक।**

000

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में केन्द्रीय बजट 2024–25 पेश किया। उन्होंने कहा कि ये बजट विकसित भारत का रोड़मैप है। बजट में सरकार ने रोजगार, कौशल विकास, खेती में उत्पादकता बढ़ोतरी, सामाजिक न्याय, नवाचार, शोध विकास सहित नौ प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं। वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि देश में मंहगाई दर नियंत्रण में है और इसे चार प्रतिशत पर लाने की कोशिश की जाएगी। रोजगार और कौशल विकास के लिए प्रधानमंत्री पैकेज देने का ऐलान किया गया है। कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों के लिए करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। प्राकृतिक खेती की जरूरत पर जोर देते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि अगले एक साल में एक करोड़ किसानों को इससे जोड़ा जाएगा। 80 करोड़ लोगों को फायदा पहुंचाने वाली प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है। पीएम आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ नए मकान बनाए जाएंगे। मुद्रा लोन की राशि दस लाख रुपये से बढ़ाकर बीस लाख रुपये करने की घोषणा की गई है। देश में कौशल विकास के लिए दो लाख करोड़ रुपये की पांच योजनाएं लाई जाएंगी। युवाओं की शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। टॉप पांच सौ कम्पनियों में पांच करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप करवाई जाएगी। सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के रूप में दस लाख रुपये तक का ऋण देगी।

...............

महिलाओं और बालिकाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए तीन लाख करोड रुपए से अधिक के आवंटन की व्यवस्था की गई है। नौकरियों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही कामकाजी महिला हॉस्टलों और शिशु गृहों की स्थापना कर कामगार महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वित्तमंत्री ने कहा कि देश में निवेश प्रोत्साहन के लिए एफडीआई के नियम सरल होंगे। अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग में तेजी लाई जाएगी। टीडीएस बकाया प्रक्रिया को सरल किया जाएगा। टैक्स स्लैब में बदलाव करते हुए उन्होंने तीन लाख रुपये तक की सालाना आय को टैक्स फ्री करने का ऐलान किया।

..............

वित्तमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य सरकारों के साथ भूमि संबंधी सुधारों पर जोर देगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत 25 हजार ग्रामीण बस्तियों में सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें बनाई जाएंगी। अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए बजट में एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बाढ़ नियंत्रण के लिए साढे 11 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार का ये लगातार 11वां और तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। बतौर वित्तमंत्री श्रीमती सीतारामण का ये सातवां बजट है। वित्तमंत्री ने संसद भवन जाने से पहले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

000

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने आज ही के दिन 1927 में मुंबई से रेडियो प्रसारण की शुरूआत की थी। इसके बाद कोलकाता में निजी ट्रांसमीटरों से प्रसारण शुरू हुआ। 1930 में सरकार ने इसे अपने नियंत्रण में लिया और **भारतीय प्रसारण सेवा** के नाम से संचालित करना प्रारंभ किया। 1936 से इसे **ऑल इंडिया रेडिया** नाम दिया गया। 1956 में इसका नाम **आकाशवाणी** रखा गया। भारत के लोक प्रसारक के रूप में आकाशवाणी सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के साथ अपने ध्येय वाक्य **''बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय''** को सार्थक कर रहा है।

000

26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में रजत जयंती महोत्सव की शुरूआत हो गई है। इसके तहत विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। बीकानेर में इस अवसर पर सैन्य हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई है। रणबांकुरा ट्रेनिंग कैम्प परिसर में लगी प्रदर्शनी में काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। हनुमानगढ़ में करगिल युद्ध विजय के उपलक्ष में रजत जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत सूरतगढ़ वायु सेना स्टेशन की ओर से पंडितावाली ग्राम पंचायत में वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। जैसलमेर में करगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि करगिल युद्ध के गौरवशाली क्षणों की याद में 26 जुलाई को प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में एक साथ राष्ट्रगान होगा। इसके साथ ही मौन रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

000

बारां में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर आमापुरा गांव के पास आज सुबह दो बसों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में सात यात्री घायल हो गए। घायलों को बारां के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे।

000

राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिश हुई है और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बारिश चित्तौड़गढ़ के भोपालसागर में रिकॉर्ड हुई। कपासन में 7 सेंटीमीटर पानी बरसा। अजमेर में विजयनगर और बाड़मेर के शिव में 6–6 और उदयपुर के कोटड़ा में 5 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। अजमेर, चूरू, मेड़ता सिटी, भीलवाडा, ब्यावर, पिलानी और माउंट आबू में भी अच्छी बरसात हुई। जैसलमेर में आज सुबह से ही बादलों की आवाजाही बनी हुई है। इससे मौसम सुहावना हो गया है। कल रात हुई बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। बांसवाड़ा में भी रिमझिम बारिश का दौर जारी है। राज्य में आज भरतपुर, जयपुर, कोटा संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश और एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश के आसार हैं।

000

राज्य में युवाओं के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित नए कोर्सेस शुरू किये जाएंगे। प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव आरती डोगरा ने बताया कि नए जॉब ओरिएंटेड पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड–आरकेसीएल ने कार्य योजना बनाई है। इनमें डिजिटल प्रिंट और थ्रीडी डिजाइन से जुड़े पाठ्यक्रम भी होंगे।

000

अंगदान के लिए जागरुकता फैलाने और इससे जुड़ी भ्रांतियां दूर करने के लिए पाली में कल कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में हुई इस कार्यशाला में अंगदान महादान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

000

महिला एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में ग्रुप ए में आज भारत का सामना नेपाल से होगा। श्रीलंका के दांबुला में खेले जाने वाला यह मैच शाम सात बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम अभी ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने अपने पिछले मुकाबलों में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात को हराया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।

000